पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः श्रावण 27, 1944
बृहस्पतिवारः 18 अगस्त 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मणिपुर भूस्खलन में जान गंवाने वाले सशस्त्र सेनाओं के कार्मिकों की 'वीर नारियों' को सम्मानित किया

दार्जिलिंग के बेंगदुबी सैन्य स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्र हमारे सैनिकों के बलिदानों के प्रति सदैव ऋणी रहेगा

परिवारों को रक्षा मंत्रालय के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 18 अगस्त 2022 को मणिपुर के तुपुल में हाल ही में हुए भूस्खलन में जान गंवाने वाले सशस्त्र सेनाओं के कार्मिकों की 'वीर नारियों' को सम्मानित किया। सम्मान समारोह त्रिशक्ति कोर द्वारा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के बेंगदुबी सैन्य स्टेशन में आयोजित किया गया। जून में त्रासदी के दौरान मारे गए 61 लोगों में 107 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) 11 गोरखा राइफल्स के 30 कार्मिक- एक अफसर, तीन जूनियर कमीशंड अफसर और 26 अन्य रैंक शामिल थे। रक्षा मंत्री ने प्रत्येक 'वीर नारी' को सात लाख रुपये के चेक प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान इस हादसे में घायल हुए 13 सैनिकों को भी सम्मानित किया गया।

वीर नारियों और सैनिकों के साथ संवाद के दौरान, श्री राजनाथ सिंह ने मृतक कार्मिकों की वीरता एवं समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सैनिकों के बलिदानों के प्रति सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि रक्षा मंत्रालय के पूर्ण सहयोग के आश्वासन के साथ, वीर सैनिकों के परिवारों और आश्रितों को वित्तीय स्थिरता प्रदान की जाए। रक्षा मंत्री ने जिरीबाम-तुपुल-इम्फाल रेल लाइन परियोजना को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशस्त्र सेनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना देश की युद्धनीतिक और सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।

वीर नारियों और सैनिकों ने आभार व्यक्त किया और युवाओं को सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करने हेतु रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना द्वारा की गई पहलों की सराहना की।

इस अवसर पर दार्जिलिंग के सांसद श्री राजू बिस्ता, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, जीओसी, 111 सब एरिया लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच और भारतीय सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एबीबी/डीएस